# शिक्षा सोपान
## (डॉ0 व्ही0 एन0 कुलकर्णी मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2024–25)
## कक्षा–10

**समय सीमा – 2 घंटा** **कुल अंक – 90**

**निर्देशः** (a) सभी प्रश्न हल करें।

(b) जिस पृष्ठ पर प्रश्न हल कर रहे हैं उत्तर पुस्तिका के उसी पृष्ठ पर उस प्रश्न का रफ कार्य करें, अन्यथा उस प्रश्न के उत्तर की जाँच नहीं भी की जा सकती है।

## गणित (50)


**1.** खाली जगहों को भरें। (4)

$$\begin{array}{r} 2\ \square\ 5 \\ \times\ \square\ 2 \\ \hline 4\ 7\ 0 \\ 2\,3\ 5\ 0 \\ \hline 2\,8\ 2\ 0 \end{array}$$


**2.** एक ऐसा द्विघात समीकरण (quadratic equation) बनाएँ जिसके मूल (roots) 5 तथा –5 हों। (4)

**3.** समीकरण (equation) $8-2x=4y$ तथा $12-4x=8y$ पर विचार करें। $x$ तथा $y$ के क्या मान हो सकते हैं? (4)

**4.** दिखाये गये चित्र में एक बिंदु A से वृत्त पर दो स्पर्श रेखाएँ (tangents) खींची गई हैं। यदि $\sin\theta=\frac{1}{2}$ हो तो $\alpha$ का मान ज्ञात करें। (4)





**5.** चित्र में AB वृत्त का व्यास है। $AB=10\,cm$ तथा $AC=5\sqrt{3}\,cm$ है। कोण ABC का मान बतायें। (4)




**6.** एक डब्बे की लंबाई 25 cm, चौड़ाई 12 cm तथा ऊँचाई 8 cm है। एक हलवाई महोदय ढोकले बनाते हैं जिनमें से प्रत्येक (each) की लंबाई 8 cm चौड़ाई 5 cm तथा ऊँचाई 4 cm है। डब्बे में अधिकतम कितने ढोकले आयेंगे? (6)

**7.** यदि $\frac{BC}{DE}=1.4$ हो तो अपने उत्तर की व्याख्या करते हुए $\frac{AB}{DF}$ का मान बतायें। (6)





**8.** एक त्रिभुज (triangle) ABC में A के निर्देशांक (coordinates) (0, 0), B के (3, 4) तथा C के निर्देशांक (8, 0) हैं। एक चित्र बनायें तथा पता करें त्रिभुज के तीनों कोणों में से कौन सबसे छोटा है। (6)

**9.** नीचे दी गई सारणी (table) में दूसरे स्तंभ (column) में $\sin\theta, \cos\theta$ तथा $\tan\theta$ में से किसी एक के मान दिये गये हैं। कारण सहित बताएँ कि ये $\sin\theta$ हैं या $\cos\theta$ हैं या $\tan\theta$ हैं। (6)

| कोण $\theta$ | ? |
|---|---|
| $x$ | 0.94 |
| $x+30^0$ | 0.64 |
| $x+60^0$ | 0.17 |

**10.** दिये गये चित्र में सरल रेखा (straight line) $y = 2x + 4$ खींची गई है। $x$- तथा $y$-अक्ष (axis) पर छोटे निशान बनाये गये हैं, वहाँ उचित संख्याएँ लिखें। (6)




## विज्ञान ( 24)

**11.** एक यौगिक (compound) दो तत्वों से मिलकर बना है। इसमें से पहले में 6 प्रोटोन हैं जब कि दूसरे में 8 प्रोटोन हैं। ऐसे कितने यौगिक बन सकते हैं? उनके नाम तथा रासायनिक सूत्र (chemical formula) लिखें। (3)

**12.** एक परखनली में द्रव (liquid) A है जिसमें नीला लिटमस पत्र डालने से वह लाल हो जाता है। एक दूसरी परखनली में द्रव B है जिसमें लाल लिटमस पत्र डालने पर वह नीला हो जाता है। दोनों परखनलियों के द्रव एक साथ मिला दिये जाते हैं। अब इसमें लाल तथा नीले लिटमस पत्र डाल दिये जाते हैं। इनमें से क्या–क्या संभव है? (3)

(a) लाल लिटमस नीला हो जायेगा और नीला लिटमस नीला ही रहेगा

(b) नीला लिटमस लाल हो जायेगा और लाल लिटमस लाल ही रहेगा

(c) लाल लिटमस लाल ही रहेगा और नीला लिटमस नीला ही रहेगा

**13.** निम्न प्रश्नों के उत्तर दें (3)

(a) अमीबा में कितने प्रकार के ऊतक (tissue) होते हैं?

(b) माइटोकॉन्ड्रिया सेल के किस भाग में होता है?

(c) कोशिका विभाजन (cell division) किसे कहते हैं।

**14.** नीचे दी गई अभिक्रिया (reaction) पर विचार करें (6)

$$CO_2 + H_2O \rightarrow C_6H_{12}O_6 + O_2$$

(a) यह अभिक्रिया प्रकृति में कहाँ पायी जाती है?

(b) इस अभिक्रिया के होने के लिये $CO_2$ तथा $H_2O$ के अलावा क्या परिस्थितियाँ आवश्यक हैं?

(c) यौगिक $C_6H_{12}O_6$ का नाम लिखें।


**15.** इनके SI मात्रक (unit) का नाम लिखें। (3)

(a) विद्युत धारा (electric current)

(b) चुंबकीय क्षेत्र (magnetic field)

(c) विभवांतर (potential difference)

**16.** चित्र में प्रकाश की एक किरण हवा से शीशे में जाती दिखाई गई है। शीशे का अपवर्तनांक (refractive index) $\frac{3}{2}$ है। $AB = 10$ cm, AC = CE = 20 cm है। DE लंबाई का मान निकालें। (6)




## भाषा (16)

**17.**

नर हो, ना निराश करो मन को
कुछ काम करो, कुछ काम करो
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो
समझो जिसमें यह व्यर्थ न हो

इस कविता में क्या संदेश दिया गया है, समझाएँ। (4)

**18.** आप जिस घर में रहते हैं उसका वर्णन (describe) करें। (4)

**19.** Why is India great? Write in English. (8)

# शिक्षा सोपान

**(डॉ॰ व्ही. एन. कुलकर्णी मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा - 2024)**

**समय सीमा - 2 घण्टे** **कक्षा—10** **कुल अंक: 100**

**निर्देश :** (a) सभी प्रश्न हल करें।

(b) जिस पृष्ठ पर प्रश्न हल कर रहें हैं उत्तर पुस्तिका के उसी पृष्ठ पर उस प्रश्न का रफ कार्य करें, अन्यथा उस प्रश्न के उत्तर की जाँच नहीं भी की जा सकती हैं

## गणित (50)

1. हल कीजिये $\frac{6}{3+\sqrt{3}}$ ताकि हर (denominator) में $\sqrt{3}$ नहीं रहे। (3)

2. हल कीजिये। (3+3)

    i. $\frac{3}{2}$ of $3\times 2\left[\frac{3\times 2}{3} \text{ of } 2+2\left(\frac{3}{2} \text{ of } 3\times 2\right)\right]$

    ii. $63-(-3)\left\{-3-\overline{8-3}\right\}\div 3\left\{5+(-2)(-1)\right\}$

3. सिद्ध कीजिये कि $\cos 37^0 \cos 53^0 - \sin 37^0 \sin 53^0 = 0$ (3)

4. θ का मान ज्ञात कीजिये यदि $\frac{\cos\theta}{1-\sin\theta}+\frac{\cos\theta}{1+\sin\theta}=4$ (3)

5. $40^0$ 16’ 24” को रेडियन में व्यक्त करें| (5)


6. एक बैंक घरेलू खाते पर 8% वार्षिक ब्याज (annual interest) देता है| परन्तु प्रति 6 माह के बाद ब्याज मूलधन (principal) में जोड़ देता है। यदि संजू 250 रुपये इस समय जमा कराये तो उसे एक वर्ष बाद कितना ब्याज मिलेगा? (5)

7. X तथा Y अक्ष बनायें और निम्न बिन्दुओ के स्थान चित्र पर अंकित करें। (5)

    A = (3 , 2) B = (4 , -3)

    C = (-3 , -4) D = (-4 , 3)

8. चित्र में दिखाए गए वृत्त का व्यास AB = 20 cm है। वृत्त पर एक बिंदु C है जहाँ ∠CAB = $30^0$ है। AC की लम्बाई निकालें। (5)




9 त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसकी भुजाओं के मध्य बिन्दुओं के निर्देशांक क्रमशः (-2,-1), (1,6) और (5,3) हैं। (5)

10 फूलों के एक बाग में, पहली पंक्ति में 102 गुलाब के पौधे, दूसूरी में 98, तीसरी में 94 और इसी क्रम में पौधे लगे हुए हैं। अंतिम पंक्ति में 6 गुलाब के पौधे हैं। फूल के बाग कितनी पंक्तियाँ हैं। (5)

11 एक बाल्टी में $x$ लीटर दूध है। $x$ को अपने वर्ग (square) में जोड़ देने पर 6 आता है। बाल्टी में कितने लीटर दूध है? (5)

## विज्ञान (30)


1. टेबल पर रखी हुई एक किताब का द्रव्यमान (mass) M है। इस पर कौन कौन से बल लग रहे है? प्रत्येक बल का मान (magnitude), दिशा (direction) तथा लगाने वाले का नाम लिखें। (2)

2. निम्नलिखित रासायनिक प्रतिक्रियाओं (chemical reaction) को संतुलित (balance) करें। (2)
   (i) $HNO_3 + Ca\,(OH)_2 \longrightarrow Ca\,(NO_3\,)_2 + H_2\,O$

   (ii) $CO_2 + H_2\,O \xrightarrow[\text{क्लोरोफिल}]{\text{धूप}} C_6\,H_{12}\,O_6 + O_2 + H_2\,O$ (प्रकाश संश्लेषण)

3. ज्वार भाटा (tides) क्या होता है समझाइये। (3)

4. चित्र के दोनों प्रतिरोध श्रेणीक्रम में है या समान्तर क्रम में ?
   इस चित्र में 10 Ω से बहती धारा का मान निकालें। (4)




5. 20 cm फोकस दूरी वाले उत्तल (Convex) लेंस के सामने रखी वस्तु (object) का प्रतिबिंब (image) दो गुना बड़ा तथा उल्टा बनता है। प्रतिबिंब की लेंस से दूरी एवं प्रतिबिंब की प्रकृति (nature) ज्ञात करें। (4)

6. एक कारखाने में 90 वाट वाले 15 बल्ब, 60 वाट वाले 4 पंखे , 1000 वाट वाली 2 मशीनें हैं। सभी उपकरणों का उपयोग प्रतिदिन 20 घंटे के लिए किया जाता है| तो 30 दिनो में खपत की गयी **विद्युत** ऊर्जा की गणना करें। यदि **विद्युत** ऊर्जा की लागत 4 रूपए प्रति यूनिट है। तो 30 दिनो में खपत की गयी **विद्युत** ऊर्जा का व्यय ज्ञात कीजिये। (6)

7. 7.0 सेमी आकार की एक वस्तु को 18 सेमी फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सामने 27 सेमी की दूरी पर रखा गया है। वस्तु मुख्य अक्ष (principal axis) के लंबवत (perpendicular) है। (3+3+3=9)
   i. एक चित्र बना कर इस स्थिति को दिखायें।
   ii. किरण आरेख खींचकर प्रतिबिम्ब का बनना समझायें।
   iii. परदे को दर्पण से कितनी दूरी पर रखना चाहिए ताकि उस पर प्रतिबिम्ब प्राप्त किया जा सके।

## भाषा (20)

1. "छात्रों पर इंटरनेट का प्रभाव" इस विषय पर 100 – 150 शब्दों में निबंध लिखिए। (5)

   या

   हर व्यक्ति का पढ़ना क्यों जरूरी है। 100 – 150 शब्दों में निबंध लिखिए।

2. रिक्त स्थान की पूर्ति करें। (5)
   (a) She ..............the railway station before the train arrived. (reached / came/ went / arrived )
   (b) Professionals ..................teachers and lawyers should.............good communication skills.
   (such as /such like / has/ have / be)
   (c) Ravi................ two wickets before rain stopped play. (took / gave / give / take)
   (d) We ..................living here since 1990. (is / am / are)
   (e) Something ............... to be done about it. (Should /ought / must)

3. पारिवारिक बजट से आप क्या समझते है ? बजट बनाते समय किन किन बातो का विशेष ध्यान रखना चाहिए विस्तार से बताएँ। (10)

# शिक्षा सोपान

**(डॉ० व्ही. एन. कुलकर्णी मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा - 2023)**

समय: 2 घंटे | कक्षा–10 | कुल अंक: 100

निर्देश : (a) सभी प्रश्न हल करें।

(b) जिस पृष्ठ पर प्रश्न हल कर रहें हैं उत्तर पुस्तिका के उसी पृष्ठ पर उस प्रश्न का रफ कार्य करें, अन्यथा उस प्रश्न के उत्तर की जाँच नहीं भी की जा सकती हैं

## गणित (56)

1. (a) किसी त्रिभुज (Triangle) ABC में $\angle A=50^0$ तथा $\angle B=40^0$ है तो $\sin[2C-A-B]$ का मान बतायें। (2)

(b) एक सरल रेखा का समीकरण $5x-2y=3$ है। इस रेखा पर स्थित किन्हीं दो बिंदुओं के निर्देशांक (Coordinates) लिखें। (2)

(c) तीन बिंदुओ के निर्देशांक (0, 0), (1, 0) तथा $(x, y)$ हैं। इनमें से कौन या कौन–कौन संभव हैं? (2)

(i) $\sqrt{x^2+y^2}+\sqrt{(x-1)^2+y^2}>1$

(ii) $\sqrt{x^2+y^2}+\sqrt{(x-1)^2+y^2}=1$

(iii) $\sqrt{x^2+y^2}+\sqrt{(x-1)^2+y^2}<1$

(d) समीकरण $x^2=0$ का विविक्तकर (Discriminant) निकालें। (2)

2. एक वृत्त की परिधि (Circumference of a circle) पर 6 मक्खियाँ इस प्रकार बैठी हैं कि अगल–बगल की मक्खियों के बीच की न्यूनतम दूरी 10 cm है। (6)


(a) एक चित्र द्वारा इस परिस्थिति को दिखायें।

(b) इस वृत्त की त्रिज्या (Radius) बतायें।

3. तीन बराबर संख्याओं का गुणनफल उतना ही है जितना उनका जोड़। इस संख्या के संभव मान बताएँ। (6)

4. यदि $2x+y=7$ तथा $y+2z=23$ हो तो $x, y$ तथा $z$ का औसत (Average) कितना होगा? (6)

5. चित्र में दिखाये वृत्तों की त्रिज्याएँ 3 cm तथा 5 cm हैं। रेखा PQ छोटे वृत्त पर स्पर्श रेखा (Tangent) है। PQ की लंबाई निकालें। (6)




6. एक द्विघात समीकरण (Quadratic equation) $ax^2+bx+c=0$ के मूलों (Roots) का योगफल तथा उनका गुणनफल बराबर हैं। $b+c$ का मान निकालें। (6)

7. मान निकालें (6)

(a) $\left(\sin 72^0\right)^4+2\left(\sin 72^0\right)^2\left(\cos 72^0\right)^2+\left(\cos 72^0\right)^4$

(b) $\left(\sin 80^0\right)^2+\left(\sin 10^0\right)^2$

(c) $\left[1+\left(\tan 24^0\right)^2\right](\cos 156)^2$

8. A, B तथा C तीन बिंदु हैं। यदि $AB=BC=6$ cm तथा $AC=12$ cm हो तो निम्न कोणों (Angles) के मान निकालें। (6)

(a) $\angle ABC$ (b) $\angle BAC$ तथा (c) $\angle ACB$

9. यदि $x=9$ हो तो $9x^8-81x^7-2x^6+18x^5+x-6$ का मान निकालें। (6)

(कृपया पृष्ठ पलटें)

## विज्ञान (27)

10. नीचे कुछ तत्वों (Elements) के परमाणुओं (Atoms) में स्थित प्रोटोनों की संख्या $Z$ तथा न्यूट्रॉनों की संख्या N दी गई है। इन तत्वों (Elements) के नाम बताएँ। (4)


(a) $Z = 7,\ N = 8$

(b) $Z = 8,\ N = 7$

(c) $Z = 7,\ N = 6$

(d) $Z = 8,\ N = 9$

11. प्रकाश की एक किरण हवा में चलती हुई $\sqrt{1.5}$ अपवर्तनांक (Refractive index) वाले माध्यम की समतल सतह पर पड़ती है। अभिलंब (Normal) से इसका कोण $60^0$ है। (8)




(a) चित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका में बनायें तथा सतह से परावर्तित (Reflected) तथा अपवर्तित (Refracted) किरणों को दिखायें।

(b) अपवर्तन का कोण प्राप्त करें।

(c) परावर्तित तथा अपवर्तित किरणों के बीच का कोण निकालें।

12. एक पतले तार से ABC त्रिभुज (Triangle) बनाया गया है जिसकी भुजाएँ AB = 4 cm, AC = 3 cm तथा BC = 5 cm हैं। तार की हर सेंटीमीटर लंबाई का प्रतिरोध (Resistance) $1\Omega$ है। 1.2 वोल्ट की एक बैटरी को इस त्रिभुज के दो कोनों से जोड़ दिया जाता है। बैटरी से बहती विद्युत धारा (Current) का मान बताएँ यदि इसे

(a) A तथा B बिंदुओं से जोड़ा जाता है

(b) A तथा C बिंदुओं से जोड़ा जाता है

(c) B तथा C बिंदुओं से जोड़ा जाता है (8)

13. LPG गैस में मुख्यतः प्रोपेन तथा ब्यूटेन होते हैं। इन गैसों के रासायनिक सूत्र (Chemical formula) तथा उनके अणुभार (Molecular weight) लिखें। (4)

14. निम्नलिखित स्तंभों में सही जोड़े मिलान करें। (3)

| | |
|---|---|
| इंसुलिन | अंगों का आकार बढ़ाता है |
| वृद्धि हार्मोन | खतरे के समय मांसपेशियों को ऑक्सीजन देता है |
| एड्रेलाईन | रक्त शर्करा के स्तर को नियेत्रत करता है |

## भाषा (17)

15. ''समाज हमसे है और हम समाज से हैं'', इस वक्तत्य पर अपने विचार हिंदी में लिखें। (4)

16. "Role of Education in Character Building" इस विषय पर अपने विचार अंग्रेजी में लिखें। (4)

17. हिन्दी या अंग्रेजी में एक ऐसा शब्द चुनिये जिसके तीन या अधिक अर्थ हों। इस शब्द के सभी अर्थो को बताते हुए उचित वाक्य बनायें। (4)

18. निम्नलिखित वाक्य किन अर्थों में प्रयोग किये जाते हैं? (5)

(a) नाच न जाने आंगन टेढा

(b) कंगाली में आटा गीला

(c) एक तीर से दो शिकार

(d) All that glitters is not gold

(e) Break the ice

# शिक्षा सोपान

## डॉ0 व्ही0 एन0 कुलकर्णी मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा

**कक्षा - 10**

**कुल अंक - 100** **समय सीमा - 2 घण्टा**

**निर्देश :** 1 प्रश्नो के अंक प्रश्न के आगे इंगित है।

2. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न संख्या सही से लिखे ।

---

**(गणित)**

1. हल कीजिये $\dfrac{6}{3+\sqrt{3}}$ (3)

2. हल कीजिये। (6)

   i. $3/2 \text{ of } 3\times 2\left[\dfrac{3\times 2}{3} \text{ of } 2+2\left(3/2 \text{ of } 3\times 2\right)\right]$

   ii. $63-(-3)\left\{-3-\overline{8-3}\right\}\div 3\left\{5+(-2)(-1)\right\}$

3. सिद्ध कीजिये कि $\cos 37^0 \cos 53^0 - \sin 37^0 \sin 53^0 = 0$ (3)

4. $\theta$ का मान ज्ञात कीजिये $\dfrac{\cos\theta}{1-\sin\theta}+\dfrac{\cos\theta}{1+\sin\theta}=4$ (3)

5. $40^0$ 16’ 24” को रेडियन में व्यक्त करें| **(4)**


6. एक समकोण त्रिभुज में दो न्यून कोणों के बीच का अंतर $2\pi/5$ रेडियन है। इन दोनों कोणों को रेडियन और डिग्री में व्यक्त करें| **(5)**

7. एक बैंक घरेलु खाते पर 8% वार्षिक ब्याज देता है परन्तु प्रति 6 माह के बाद ब्याज मूलधन में जोड़ देता है। यदि संजू 250 रुपये इस समय जमा कराये तो उसे एक वर्ष बाद कितना ब्याज मिलेगा? (5)

8. X तथा Y अक्ष बनाये और निम्न बिन्दुओ के स्थान चित्र पर अंकित करें। **(5)**

   A = (3 , 2) B = (4 , -3)
   C = (-3 , -4) D = (-4 , 3)


9. चित्र में दिखाए गए वृत्त का व्यास AB = 20cm है। वृत्त पर एक बिंदु C है जहाँ $\angle CAB = 30^0$ है AC की लम्बाई निकालें । (5)





10. त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसकी भुजाओं के मध्य बिन्दुओं के निर्देशांक क्रमशः (-2,-1), (1,6) और (5,3) हैं। (5)

**(विज्ञान)**

1. चित्र के दोनों प्रतिरोध श्रेणीक्रम में है या समान्तर क्रम में ? इस चित्र में 10Ω से बहती धारा निकालें । (4)




2. एक कारखाने में प्रत्येक 90 वाट के 15 बल्ब , 60 वाट प्रत्येक के 4 पंखे , 1000 वाट की 2 मशीन है। यदि सभी उपकरणों का उपयोग 20 घंटे के लिए किया जाता है। तो 30 दिनो में खपत की गयी विद्युत् ऊर्जा की गणना करें। यदि विद्युत् ऊर्जा की लागत 4 रूपए प्रति यूनिट है। तो 30 दिनो में खपत की गयी विद्युत् ऊर्जा का व्यय ज्ञात कीजिये । (6)
3. दिए गए सर्किट में एक सेल का इलेक्ट्रोमोटिव बल (emf) 10 वोल्ट है । और सेल का आंतरिक प्रतिरोध नगण्य है। तो ज्ञात करो । (6)
   i. कुल प्रतिरोध
   ii. सर्किट में धारा का मान




4. 7.0 सेमी आकार की एक वस्तु को 18 सेमी फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सामने 27 सेमी की दूरी पर रखा गया है । (3+3+3=9)
   i. एक चित्र बना कर इस स्थिति को दिखायें ।
   ii. किरण आरेख खींचकर प्रतिबिम्ब का बनना समझायें ।
   iii. परदे को दर्पण से कितनी दूरी पर रखना चाहिए ताकि उस पर प्रतिबिम्ब प्राप्त किया जा सके ।

5. किसी धातु को ऑक्साइड से प्राप्त करने के लिए किस रासायनिक प्रक्रिया का प्रयोग किया जाता है। (2)
6. निम्नलिखित प्रतिक्रिया के लिए समीकरण लिखे और फिर संतुलित समीकरण लिखे । (3)
   i. तनु सल्फुरिक अम्ल जिंक के दाने के साथ अभिक्रिया करता है ।
   ii. तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल मैग्निशियम रिबन से अभिक्रिया करता है ।
7. ज्वार भाटा क्या होता है समझाइये । (3)
8. रीढ़ की हड्डी की संरचना का वर्णन करे प्रतिवर्ती चाप तथा प्रतिवर्ती क्रिया को समझाइये । (5)
   अथवा
9. हृदय की कार्यविधि का सचित्र वर्णन कीजिये ।

**(भाषा)**

1. भारत को स्वच्छ बनाने के लिए विद्यार्थियों को अपने आस पास या स्कूल में क्या क्या करना चाहिए? (5)
2. "छात्रों पर इंटरनेट का प्रभाव" इस विषय पर 100 – 150 शब्दों में निबंध लिखिए। (5)
3. पारिवारिक बजट से आप क्या समझते है ? बजट बनाते समय किन किन बातो का विशेष ध्यान रखना चाहिए विस्तार से बताओ । (7)
4. रिक्त स्थान की पूर्ति करो। (5)

(a) She ..............the railway station before train arrived. (reached / came/ went / arrived )

(b) Professionals ..................teachers and lawyers should.............good communication skills. (such as /such like / has/ have / be)

(c) Ravi................. two wickets before rain stopped play. (took / gave / give / take)

(d) We ...................living here since 1990. (is / am / are)

(e) Something ............... to be done about it. (Should /ought / must)